# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. सांसद बिष्णु पद रे ने दक्षिण अंडमान में भू–राजस्व रसीद की ऑनलाइन सुविधा की कमी को लेकर मुख्य सचिव के समक्ष जन शिकायतों का मामला उठाया।
2. वन श्रमिक संघ के प्रतिनिधमंडल ने चाथम में कर्मचारियों की लंबित मामलों को लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक से भेंटवार्ता की।
3. दक्षिण अंडमान जिला परिषद में वंडूर और मंगलूटान में सामुदायिक अवसंरचना परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ।
4. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना अभियान के अंतर्गत द्वीपों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए गाराचरामा में आई पी एच एल का शुभारंभ हुआ।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने दक्षिण अंडमान के नागरिकों को भूमि राजस्व रसीद प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों को लेकर मुख्य सचिव के समक्ष मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मध्योत्तर अंडमान जिलों में भूमि राजस्व रसीदें ऑनलाइन जनरेट की जा रही हैं, जबकि दक्षिण अंडमान में यह सुविधा अभी लागू नहीं है और रसीदें अब भी मैन्युअल रूप से जारी की जा रही हैं। रसीद पुस्तकों में छपाई की त्रुटियों और पुनः छपाई में देरी के कारण रसीदों के निर्गमन में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। श्री बिष्णु पद रे ने प्रशासन से अपील की है कि मौजूदा ऑनलाइन रसीद प्रणाली को तत्काल प्रभाव से दक्षिण अंडमान में लागू किया जाए। साथ ही उन्होंने भूमि राजस्व और संबंधित देयों के लिए एक पूर्ण IT–आधारित ऑनलाइन भुगतान प्रणाली विकसित करने का सुझाव दिया है, जिससे नागरिक घर बैठे ही भुगतान कर सकें और सिस्टम–जनित रसीदें पारदर्शी और कुशलतापूर्वक प्राप्त कर सकें।

<><><><><><><>

चाथम, मिल प्रभाग के कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए वन श्रमिक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल टी.एस.जी. भास्कर की अध्यक्षता में वन सदन पहुँचा। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं को उठाया, जिनमें विभिन्न मुद्दे शामिल थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने प्रतिनिधिमंडल

द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मिल प्रभाग के कर्मचारियों के मुद्दों को शीघ्र और सक्रियता से हल करने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

केंद्र शासित प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की अंतर विभागीय कार्यसमूह की बैठक 2 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह बैठक 3 बजे सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में (कृषि) सचिव एवं आई डी डब्ल्यू जी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में वर्ष 2025–26 के लिए यू टी ए टी एम ए की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही वर्ष 2026–27 के लिए "स्टेट एक्सटेंशन वर्क प्लान" पर चर्चा एवं उसका मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक के दौरान अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार–विमर्श किया जा सकेगा। संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है, ताकि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आगामी रणनीतियों पर सार्थक निर्णय लिए जा सकें।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के ग्रामीण क्षेत्रों में जन सुविधाओं को मजबूत करने और कनेक्टिविटी सुधारने के उद्देश्य से कई सामुदायिक अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन आज जिला परिषद अध्यक्ष, प्रकाश अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वंडूर के पंचायत समिति सदस्य, भारत शर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान, अधिर दास, ग्राम पंचायत के उप–प्रधान उत्तम कुमार रॉय, वंडूर ग्राम पंचायत के अन्य सदस्य सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वंडूर–02 में नवनिर्मित सामुदायिक सभागार, किचन शेड और भंडार कक्ष का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा, नॉर्थ वंडूर जंक्शन में बस शेल्टर के साथ शौचालय सुविधा के लिए नींव रखी गई, जिससे आवागमन और स्थानीय निवासियों के लिए सुविधा बढ़ेगी। मंगलुतान–I में नई ब्लैक टॉप सड़क का उद्घाटन किया गया, जिससे स्थानीय लोगों की कनेक्टिविटी और परिवहन सुविधा में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

<><><><><><>

जिला अस्पताल गाराचरमा में आज एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव एवं मिशन निदेशक, यू टी एच एम वंदना राव मुख्य अतिथि के रूप में

शामिल हुईं, जबकि स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच.एम. सिद्दाराजू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने नई स्थापित प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा विभिन्न लैब और टीकाकरण कक्ष का दौरा किया। इस दौरान डॉ. अविजीत रॉय और डॉ. शाहिना एम ने प्रयोगशाला में उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न जांच सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस प्रयोगशाला की स्थापना अंडमान निकोबार प्रशासन के उन्नत एवं विकेन्द्रीकृत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। यहां संक्रामक रोगों की जांच, हीमेटोलॉजी, क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री तथा माइक्रोबायोलॉजी जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार मिल सकेगा। यह पहल प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत संचालित की गई है, जिससे द्वीपों में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर हाल ही में कला एवं संस्कृति विभाग ने सेलुलर जेल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे देश में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित 150 वर्षों की स्मृति समारोह श्रृंखला का हिस्सा था। इस कार्यक्रम का विशेष चरण 'शहादी दिवस' समर्पित था, जिसमें शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के सर्वोच्च बलिदानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 'सुर सप्तक' के सदस्यों ने 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पर्यटकों और आगंतुकों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिससे देशभक्ति और गौरव की भावना को अनुभव किया गया। संगीत और कार्यक्रम के माध्यम से शहीदों के बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई। यह आयोजन राष्ट्रीय गीत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता के प्रति सम्मान और एकता की भावना को प्रदर्शित करता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान, उप शिक्षा कार्यालय द्वारा आयोजित इंटर स्कूल फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले आज खेले गए। यह प्रतियोगिता आगामी 65वें सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियों के तहत आयोजित की जा रही है। अंडर–15 बालक वर्ग में भातुबस्ती स्कूल मैदान पर पहले मैच में सागरीतारा स्कूल ने गाराचरमा स्कूल को 2–0 से हराया, जबकि दूसरे मैच में जी डी एम एस(एस) ने रंगाचांग स्कूल को 1–0 से पराजित किया। अंडर–17 बालक वर्ग में स्कूल लाइन स्कूल ने साउथ पॉइंट स्कूल को 1–0 से हराया, वहीं रंगाचांग स्कूल ने गाराचरमा स्कूल को 2–1 से मात दी। अंडर–17 बालिका वर्ग के मुकाबले जेएनआरएम कॉलेज मैदान में खेले गए, जहां गर्ल्स स्कूल ने सागरीतारा

स्कूल को 6–0 से पराजित किया। दूसरे मैच में रंगाचांग स्कूल ने जंगलीघाट स्कूल को 4–0 से हराया। अब फाइनल मुकाबले 2 अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे भातु बस्ती स्कूल मैदान में खेले जाएंगे।

**<><><><><><><>**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय 7 अप्रैल को अपना उनतालीसवीं दीक्षांत समारोह आयोजित करेगा। यह समारोह विश्वविद्यालय मुख्यालय के साथ–साथ पोर्ट ब्लेयर क्षेत्रीय केंद्र में भी आयोजित किया जाएगा। इस दीक्षांत समारोह में छात्रों को प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री प्रदान की जाएगी जिन्होंने दिसंबर 2024 और जून 2025 की टर्म एन्ड परीक्षाओं में अपने अध्ययन कार्यक्रम को पूरा किया है। अधिक जानकारी के लिए श्री विजयपुरम स्थित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**